Re: Construction of elevated flyover in Sandila in Misrikh Parliamentary Constituency

श्री अशोक कुमार रावत **(मिश्रिख):** महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र मिश्रिख (उत्तर प्रदेश) के अंतर्गत संडीला कस्बे में घनी आबादी एवं मुख्य बाजार में आवागमन को दृष्टिगत रखते हुए सिंगल पिलर पर एलिवेटेड फ्लाई-ओवर का निर्माण किए जाने की आवश्यकता है ताकि संडीला कस्बे में वाहनों की पार्किंग एवं आवागमन को सुचारू रूप से बनाए रखने में समस्या उत्पन्न न हो । इस संबंध में मैं यह भी अवगत कराना चाहूंगा कि दिशा समिति की बैठक में भी दिनांक 14.09.2022 और 19.02.2023 को स्थानीय जनता की मांग पर उपरोक्त प्रस्तावित अंडरपास (वीयूपी) के स्थान पर सिंगल पिलर पर एक एलिवेटेड फ्लाइओवर का निर्माण किए जाने का प्रस्ताव दिया था । इस संबंध में मैं लोकसभा में नियम 370 सूचना के अधीन और माननीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी को भी एक पत्र के माध्यम से निवेदन कर चुका हूं, लेकिन इस प्रकरण में अभी तक NHAI द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है । मेरा सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि संडीला कस्बे में सिंगल पिलर पर एक एलिवेटेड फ्लाई-ओवर का निर्माण किए जाने हेतु स्वीकृत प्रदान किए जाने हेतु सकारात्मक कार्रवाई की जाए ।